
**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# फिर बर्फबारी और बारिश भूस्खलन से गंगोत्री हाईवे बंद

## उत्तराखंड में मौसम ने एक बार फिर बदल ली है करवट

**मौसम**

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। गंगोत्री, यमुनोत्री समेत ऊंचाई वाले क्षेत्र में बर्फबारी हो रही है। वहीं, दून के साथ ही अन्य जिलों में बारिश शुरू हो गई है। बारिश और भूस्खलन के चलते गंगोत्री हाईवे पर हेल्गू गाड़ के पास बंद हो गया है।

मौसम विभाग के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ में भारी बर्फबारी के आसार हैं। उधार, प्रदेश में मौसम की दुश्वारियों से अभी निजात नहीं मिली है। सौ से ज्यादा गांवों में बिजली की आपूर्ति अब भी बहाल नहीं हो पाई है। इसके अलावा करीब डेढ़ सौ गांव अब जिला मुख्यालयों से कटे हैं और डेढ़ दर्जन सड़कों पर आवागमन बाधित है। दूसरी ओर कुमाऊं के ज्यादातर इलाकों में मौसम साफ रहा। बर्फबारी के बाद बंद हुए थल मुनस्यारी, तवाघाट–नारायण आश्रम और मदकोट–बौना मार्ग पांचवें दिन भी नहीं खुल सके। मुनस्यारी नगर में बिजली बहाल हुई, लेकिन 60 गांव अब भी बिजली से वंचित हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के मुताबिक, प्रदेश के निचले क्षेत्रों में बारिश जबकि 25 सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में हिमपात होने की संभावना है। मौसम बदलने से प्रदेश में फिर से अधिकतम पारे में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की कमी आ सकती है।



**चार धाम में हिमपात, निचले इलाकों में बादलः** उत्तराखंड में एक बार फिर मौसम करवट बदलने लगा है। सुबह बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के साथ ही उच्च हिमालय में रुक–रुक कर हिमपात हुआ। वहीं निचले इलाकों में दिनभर बादल छाए रहे। मौसम विभाग के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ में भारी बर्फबारी के आसार हैं। प्रदेश में मौसम की दुश्वारियों से अभी निजात नहीं मिली है। सौ से ज्यादा गांवों में बिजली की आपूर्ति अब भी बहाल नहीं हो पाई है। इसके अलावा करीब डेढ़ सौ गांव अब जिला मुख्यालयों से कटे हैं और डेढ़ दर्जन सड़कों पर आवागमन बाधित है। दूसरी ओर कुमाऊं के ज्यादातर इलाकों में मौसम साफ रहा।

**पाला जमने से फिसल रहे लोग, लगायी जेसीबीः** बर्फबारी पर्यटकों के लिए मौज व स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गयी है। पाला जमने से पत्थर बनी बर्फ पर फिसल रहे वाहनों व लोगों को देखते हुए छावनी परिषद ने जेसीबी लगवाकर रोड से बर्फ हटाने का काम शुरू कर दिया है। चटख धूप खिलने से मौसम में कुछ तो गर्मी आयी, लेकिन सांझ ढलते ही ठंडी हवा ने बेहाल कर दिया। बर्फबारी के कारण ऊंचे इलाकों लोखंडी, खडंबा, बुधेर, मोइला टाप में एक सप्ताह बाद भी जनजीवन पटरी पर नहीं है।

## न्यूज डायरी

### वामपंथी छात्र संगठनों के खिलाफ किया प्रदर्शन

**संवाददाता** पौड़ी। जेएनयू में वामपंथी छात्र संगठनों पर हिंसा करने का आरोप लगाते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सोमवार को पौड़ी में प्रदर्शन करते हुए डीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने आरोपी छात्रों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग भी उठाई। प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी के जिला संयोजक नितिन रावत ने कहा कि जेएनयू में वामपंथी छात्र संगठनों द्वारा छात्रों की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया रुकवाने के लिए हिंसा का प्रयोग किया। जिससे कई छात्र–छात्राएं चोटिल हुए है। कहा कि विश्वविद्यालय में इस तरह की हिंसाओं से पठन–पाठन प्रभावित होता है। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने हिंसा की निंदा करते हुए प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई।

### देवप्रयाग में मेधावियों को बांटे छात्रवृत्ति के चेक

**संवाददाता** देवप्रयाग। प्रकाश पुंज सोसाइटी संस्था देवप्रयाग की ओर से नगर क्षेत्र के 25 मेधावियों को छात्रवृत्ति के चेक प्रदान किए। इस मौके पर उत्तराखंड के महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर ने प्रवासीजनों से प्रदेश के आर्थिक तौर पर पिछड़े विद्याार्थियो को आगे बढ़ाने में सहयोग देने की अपील भी की। सोमवार को देवप्रयाग में प्रकाश पुंज सोसाइटी संस्था की ओर से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तराखंड के महाधिवक्ता व सोसाइटी के संरक्षक अध्यक्ष एसएन बाबुलकर ने किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा उत्तराखण्ड के कई मेधावी विद्यार्थियों को धनाभाव में कठिनाइयों झेलनी पड़ती है। ऐसे में देश–विदेश में रहने वाले प्रदेशवासी उनकी सहायता कर उन्हें एक मुकाम तक पहुंचा सकते हैं।

### एयरटेल वाई–फाई कॉलिंग' ने एक मिलियन यूजर्स पूरे किए

**संवाददाता** देहरादून। भारत में नई नेटवर्क टेक्नॉलॉजी के सबसे तीव्र विस्तार में से एक, एयरटेल वाई–फाई कॉलिंग ने एक मिलियन यूजर्स पूरे कर लिए। भारती एयरटेल (एयरटेल) भारत में वॉईस ओवर वाई–फाई शुरू करने वाला पहला मोबाईल ऑपरेटर था। ग्राहकों का अत्यधिक सकारात्मक फीडबैक मिलने के बाद, कंपनी ने देश में अपनी इस इनोवेटिव सेवा का विस्तार शुरू कर दिया है। अब एयरटेल वाई–फाई कॉलिंग भारत में एयरटेल मोबाईल ग्राहकों को उपलब्ध है। साथ ही इस सेवा का उपयोग एयरटेल के मोबाईल ग्राहक किसी भी होम या पब्लिक वाई–फाई नेटवर्क पर कर सकेंगे, जिससे उनका इनडोर सेवा का अनुभव बहुत सुगम बन जाएगा।

# जनता मिलन कार्यक्रम में एक दर्जन शिकायतें दर्ज, सीडीओ ने सुनीं शिकायतें

**जनता मिलन**

अल्मोड़ा। **संवाददाता**

शासन के निर्देशों के क्रम में प्रत्येक सोमवार को कलैक्ट्रेट में लगने वाले जनता मिलन कार्यक्रम का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी मनुज गोयल की अध्यक्षता में किया गया। जनता मिलन में कुल 12 शिकायतें, समस्यायें फरियादियों द्वारा दर्ज करायी गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद स्तर से होने वाली शिकायतों का निस्तारण हल हाल में एक सप्ताह के भीतर करना सुनिश्चित करें। इस दौरान खगमराकोट में बिजली के पोलो में विद्युत कनैक्शन नहीं हो पाने, समाजिक कार्यकर्ता किशन चन्द्र गुरूरानी, श्मशान घाट विश्वनाथ अल्मोड़ा में क्षतिग्रस्त लकड़ी टाल का निर्माण कराये जाने, जिला अस्पताल अल्मोड़ा तत्काल प्रतिस्थानी डाक्टरों की तैनाती करने सम्बन्धी प्रार्थना पत्र दिया। इस अवसर पर ग्राम माट एनटीडी में सरकारी भूमि में अतिक्रमण किये जाने की शिकायत पर मुख्य विकास अधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर को मौके मुआयना कर जॉच करने के निर्देश दिये।

जनता मिलन में सरोज भण्डारी रानीधारा, अल्मोड़ा ने आवासीय भवन को सूखे पेड़ों से खतरा होने की शिकायत दर्ज की। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मौके पर जाकर जॉचकर रिर्पोट प्रस्तुत करें।

इस अवसर पर रमेश राम ग्राम सोमेश्वर ने आवासीय भवन चाहने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जॉचोपरान्त ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत भवन हेतु कार्यवाही की जायेगी। ग्राम पंचायत सिमल्टी उरेगी में विद्युत लाईन के कार्यों में अनियमितता की शिकायत दर्ज की।

# डा. सविता हयांकी ने सीएमओ का पदभार ग्रहण किया



सीएमओ डा. सविता ह्यांकी का स्वागत करते हुए।

**संवाददाता** अल्मोड़ा। जनपद की नवनियुक्त मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सविता हंयाकी ने आज मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने बताया कि जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने का उनका पूर्ण प्रयास रहेगा तथा दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा कार्यालय स्टॉफ द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी बनने पर पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया साथ ही पूर्व नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 दीपाकंर डेनियल ने भी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी का पदभार ग्रहण कर लिया है।

# धूमधाम से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह

## सीडीओ ने तैयारियों को लेकर ली बैठक

**संवाददाता**

अल्मोड़ा। विगत वर्षों की भॉति इस वर्ष भी जनपद में गणतन्त्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा इस सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी मनुज गोयल ने नगर के गणमान्य व्यक्तियों एवं अधिकारियों के साथ कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करते हुए कहा कि गणतन्त्र दिवस को मनाये जाने के लिए सभी तैयारियॉ समय से पूर्ण कर ली जाय। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी अधिकारी प्रभातफेरी के साथ–साथ अन्य कार्यक्रमों में अनिवार्य रुप से उपस्थित रहेंगे। झण्डारोहण सहित अन्य कार्यक्रमों की सभी अधिकारी फोटोग्राफी अनिवार्य रूप से करवाना सुनिश्चित करेंगे। गणतन्त्र दिवस को प्रातः 8:00 बजे नन्दादेवी प्रांगण से प्रभातफेरी का आयोजन किया जायेगा जिसमें जिला शिक्षा एवं समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी स्कूली बच्चे एवं अन्य लोग प्रतिभाग करेंगे। यह प्रभातफेरी नन्दादेवी प्रांगण से प्रारम्भ होकर चौघानपाटा में सम्पन्न होगी। इसके बाद प्रातः 9:30 बजे सभी सरकारी एवं अर्द्धसरकारी भवनों में ध्वजारोहण होगा एवं संविधान का संकल्प दोहराया जायेगा। गणतन्त्र दिवस समारोह श्रृंखला में 25 जनवरी को मतदाता दिवस के कार्यक्रम के साथ ही प्रातः 8:00 बजे से क्रॉस कन्ट्री रेस का आयोजन किया जायेगा।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि गणतन्त्र दिवस की पूर्व सन्ध्या पर समस्त सरकारी/अर्द्धसरकारी एवं निजी भवनों को सांय 6:00 बजे से 11:00 बजे तक एलईडी बल्बों से प्रकाश व्यवस्था की जायेगी।

पुलिस लाइन में 11:00 बजे से पुलिस परेड का आयोजन किया जायेगा इसमें पुलिस, पीएसी के अलावा एसएसबी एवं होमगार्ड के जवानों, एनसीसी केडिटो द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा तथा उनके द्वारा अनेक उत्साहवर्धक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये जायेंगे। 12:30 बजे से वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम पुलिस लाईन, करबला के आस–पास किया जायेगा।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में मधु सिंधवाल रही अव्वल

**संवाददाता** चमोली। स्वामी विवेकानंद जी 157वीं जयंती पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन की ओर से जिले के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान जहां एबीवीपी की ओर से सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता और गोष्ठी का आयोजन किया गया।

वहीं एनएसयूआई की ओर से निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। एबीवीपी की ओर से गोपेश्वर में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न कोचिंग संस्थाओं के युवाओं ने प्रतिभाग किया। इसमें मधु सिंधवाल प्रथम, सरस्वती द्वितीय और बबीता तृतीय स्थान पर रहीं। परिषद की ओर से विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं दूसरी ओर एबीवीपी की ओर से नगर पालिक सभागार गोपेश्वर में संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। जिसमें आरएसएस के विभाग प्रचारक चिरंजीव ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही।